रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 367] नई दिल्ली, मंगलवार, सितम्बर 19, 2017/भाद्र 28, 1939
No. 367] NEW DELHI, TUESDAY, SEPTEMBER 19, 2017/ BHADRA 28, 1939

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

(बायोटेक्नोलॉजी विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 15 सितम्बर, 2017

सं. आरसीबी/एसटीए/2017/01.—प्रादेशिक जैवप्रौद्योगिकी केंद्र अधिनियम, 2016 (2016 की 36वीं) की धारा 41 के साथ-साथ धारा 15 के खंड (एच) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्रीय सरकार एतद् द्वारा प्रादेशिक जैवप्रौद्योगिकी केंद्र के विभिन्न अधिकारियों की शक्तियों और कार्यों इसके शैक्षणिक क्रियाकलापों और इसके कार्मिकों की सेवा शर्तों को विनियमित करने के साथ-साथ प्रादेशिक जैवप्रौद्योगिकी केंद्र संविधियों को अधिसूचित करती है।

"प्रादेशिक जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र

(कार्यक्रम सलाहकार समिति)

परिनियम

नई दिल्ली, 15 सितम्बर, 2017

सं. आरसीबी/एसटीए/2017/01.—प्रादेशिक जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र, जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, फरीदाबाद, हरियाणा में राष्ट्रीय महता की संस्था है, और जो जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन कार्य कर रहा है, के लिए उत्तरदायी शासक बोर्ड, प्रादेशिक जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र अधिनियम, 2016 (2016 का 36) की धारा 41 के साथ पठित धारा 15 के खंड (ज) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अन्य बातों के साथ, उक्त प्रादेशिक केन्द्र के विभिन्न प्राधिकारियों की शक्तियों और कृत्यों, उसके शैक्षिक कार्यकलापों और उसके कर्मचारियों की सेवा शर्तों का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाता है, अर्थात् :--

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ—(1) इन परिनियमों का संक्षिप्त नाम प्रादेशिक जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र परिनियम, 2017 है ।

(2) ये उनके राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. परिभाषाएं—(1) जब तक इन परिनियमों में संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "अधिनियम" से प्रादेशिक जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र अधिनियम, 2016 (2016 का 36) अभिप्रेत है ;

(ख) "नियंत्रण प्राधिकारी" से अधिनियम की धारा 23 के अधीन नियुक्त कार्यपालक निदेशक अभिप्रेत है ;

(ग) "मान्यताप्राप्त केन्द्र" से धारा 10 की उपधारा (1) के खंड (च) के अधीन अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए प्रादेशिक केन्द्र द्वारा मान्यताप्राप्त उच्चतर शिक्षण का कोई केन्द्र या संस्थान अभिप्रेत है ;

(घ) "अनुसूची" से इन परिनियमों से उपाबद्ध कोई अनुसूची अभिप्रेत है ; और

(ङ) "परिनियम" से इन परिनियमों का कोई परिनियम अभिप्रेत है ।

(2) इसमें प्रयुक्त शब्द और पद, जो परिभाषित नहीं हैं किंतु अधिनियम में परिभाषित है, का क्रमश: वही अर्थ होगा जो उनका अधिनियम में है ।

3. प्रादेशिक केन्द्र का निगमित निकाय.— प्रादेशिक जैव प्रौद्योगिक केन्द्र के लिए निगमित निकाय वह होगा, जो पहली अनुसूची में विनिर्दिष्ट किया जाए ।

4. प्राधिकारियों की शक्तियां और कृत्य.—प्रादेशिक केन्द्र के विभिन्न प्राधिकारियों की शक्तियां और कृत्य वे होंगे, जो दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट किए जाएं ।

5. शैक्षिक कार्यकलाप.—प्रादेशिक केन्द्र की तीसरी अनुसूची में यथाविनिर्दिष्ट शैक्षिक कार्यकलापों का संचालन किया जाएगा।

6. सेवा शर्तें.—प्रादेशिक केन्द्र के अधिकारियों और कर्मचारियों की सेवा की शर्तें चौथी अनुसूची में यथाविनिर्दिष्ट होंगी ।

IndiaCode

पहली अनुसूची

(परिनियम 3 देखें)

प्रादेशिक केन्द्र का निगमित निकाय

(प्रादेशिक जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र परिनियम)

अनुच्छेद सं.	अनुच्छेद शीर्ष	अनुच्छेद का विवरण
(1)	(2)	(3)
1.	निगमित निकाय	प्रादेशिक केन्द्र अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन " प्रादेशिक जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र" के नाम से ज्ञात एक निगमित निकाय होगा, जिसका शाश्वत उत्तराधिकार और सामान्य मुद्रा होगी और उसे इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन रहते हुए संविदा करने की शक्ति होगी तथा उक्त नाम से वह वाद लाएगा और उस पर वाद लाया जाएगा और यह शासक बोर्ड तथा निम्नलिखित प्राधिकारियों से मिलकर बनेगा, अर्थात् :— (i) शासक बोर्ड ; (ii) कार्यक्रम सलाहकार समिति ; (iii) कार्यपालक समिति ; (iv) वित्त समिति ; (v) अध्ययन बोर्ड ; और (vi) ऐसे अन्य प्राधिकारी, जो इन परिनियमों के अधीन प्रादेशिक केन्द्र के प्राधिकारी घोषित किए जाएं ।

2.	मुख्यालय	प्रादेशिक केन्द्र का मुख्यालय राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, जैव प्रौद्योगिकी विज्ञान समूह, फरीदाबाद, में इसके परिसर में होगा, जैसा कि केंद्रीय सरकार द्वारा अधिसूचना सं. का.आ. 642(अ) तारीख 28 फरवरी, 2017 में भी विनिर्दिष्ट किया गया है ।
3.	अधिकारिता	जैसा कि अधिनियम की धारा 6 में विनिर्दिष्ट किया गया है, प्रादेशिक केन्द्र की अधिकारिता का विस्तार संपूर्ण भारत और ऐसे अन्य केंद्रों और विशेषीकृत प्रयोगशालाओं या अनुसंधान, विकास और अनुदेश की अन्य इकाईयों पर होगा, जिनकी स्थापना प्रादेशिक केन्द्र द्वारा भारत में या भारत से बाहर की गई है ।

दूसरी अनुसूची

(परिनियम 4 देखें)

प्रादेशिक जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र के प्राधिकारी और उनकी शक्तियां तथा कृत्य

अनुच्छेद सं.	अनुच्छेद शीर्ष	अनुच्छेद का विवरण
(1)	(2)	(3)
1.	शासक बोर्ड के निबंधन	एक शासक बोर्ड होगा, जैसा कि अधिनियम की धारा 14 में विनिर्दिष्ट किया गया है और उसके उक्त धारा 14 की उपधारा (2) के खंड (घ) में निर्दिष्ट दो सदस्य होंगे, जो उक्त खंड (घ) में निर्दिष्ट यूनेस्को के ऐसे राज्यों के प्रतिनिधि होंगे, जो बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा केंद्रीय सरकार के अनुमोदन से अवधारित किया जाए और बोर्ड के सदस्यों की पदावधि तथा बोर्ड की बैठकों की रीति नीचे यथाविनिर्दिष्ट होगी, अर्थात् :— (क) पदेन सदस्यों से भिन्न सदस्यों की पदावधि, जिसके अंतर्गत अध्यक्ष है, उस तारीख से क्रमश: पांच वर्ष होगी, जिसको वह अपना पद धारण करते हैं ; (ख) अधिनियम की धारा 14 की उपधारा (2) के खंड (ख) में निर्दिष्ट सदस्यों को केंद्रीय सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाएगा ; (ग) पदेन सदस्यों, जिसके अंतर्गत अध्यक्ष है, की पदावधि उनके संबंधित पद के निबंधनों के साथ सह विस्तारित होगी ; (घ) बोर्ड का पदावरोही सदस्य तब तक अपने पद पर रहेगा जब तक अन्य व्यक्ति को नामनिर्दिष्ट न कर दिया जाए या सदस्य के रूप में नियुक्त न कर दिया जाए ; (ङ) बोर्ड का पदावरोही सदस्य पुन: नामनिर्देशन या पुन:नियुक्ति का पात्र होगा यदि बोर्ड के अध्यक्ष का यह विश्वास हो जाता है कि ऐसे सदस्य का प्रादेशिक केन्द्र के उद्देश्यों में योगदान अत्यंत मूल्यवान, प्रशंसनीय और प्रतिभाशाली है ; (च) पदेन सदस्य से भिन्न बोर्ड का सदस्य बोर्ड के अध्यक्ष को लिखकर अपना पद त्याग सकेगा किंतु वह तब तक पद पर बना रहेगा जब तक उसके त्यागपत्र को बोर्ड द्वारा स्वीकार न कर लिया जाए ; (छ) बोर्ड वर्ष में कम से कम एक बार ऐसे समय और स्थान पर बैठक करेगा, जैसा उसके अध्यक्ष द्वारा अवधारित किया जाए ; और (ज) तीन सदस्य बोर्ड की बैठकों के लिए गणपूर्ति होंगे ।

2.	शासक बोर्ड की शक्तियां और कृत्य	बोर्ड के पास अधिनियम की धारा 15 में यथाविनिर्दिष्ट शक्तियां और कृत्य होंगे तथा ऐसी शक्तियों के अतिरिक्त प्रादेशिक केन्द्र के प्रशासन के लिए शक्तियों के अतिरिक्त बोर्ड,— (क) इस अधिनियम के अधीन बनाए गए अध्यादेशों के प्रयोजन के लिए यथा विनिर्दिष्ट शैक्षिक अपेक्षाओं को पूरा कर लेने पर विद्यार्थियों को डिग्री और डिप्लोमा प्रदत्त करेगा ; (ख) ऐसे व्यष्टिकों को, जिन्होंने ज्ञान या सृजनता के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल की है, को मानद डिग्रियां या अन्य शैक्षिक सम्मान प्रदान करेगा ; (ग) प्रादेशिक केन्द्र के उद्देश्यों को अग्रसर करने के लिए भारत या विदेश में उच्चतर शिक्षण की संस्थाओं को मान्यता प्रदान करेगा और अध्यादेशों में विनिर्दिष्ट किए जाने वाले मानकों और प्रक्रिया के अनुसार ऐसी मान्यता का प्रतिसंहरण करेगा ; (घ) भारत या विदेशों में प्रादेशिक केन्द्र के शैक्षिक और अनुसंधान उद्देश्यों को हासिल करने के लिए केन्द्र और विशेषीकृत प्रयोगशालाओं या अन्य इकाईयों की स्थापना करेगा और उनका अनुरक्षण करेगा ; (ङ) प्रादेशिक केन्द्र के विद्यार्थियों और संकाय के उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देने के लिए अध्येता वृत्तियों, छात्र वृत्तियों, विद्यार्थी वृत्तियों, पदकों और पुरस्कारों को प्रारंभ करेगा और उन्हें प्रदान करेगा ; (च) ऐसे विजिटिंग प्रोफेसरों, विख्यात प्रोफेसरों, मानद प्रोफेसरों, अनुबद्ध प्रोफेसरों, अवकाश प्राप्त प्रोफेसरों, अवकाश प्राप्त वैज्ञानिकों, और ऐसे अन्य व्यक्तियों की नियुक्ति करेगा, जो प्रादेशिक केन्द्र के उद्देश्यों को अग्रसर करने में योगदान कर सकें ; (छ) कानूनी लेखा परीक्षकों द्वारा प्रस्तुत लेखाओं की लेखा परीक्षक रिपोर्ट का अनुमोदन करेगा ; (ज) प्रादेशिक केन्द्र की निधियों का प्रबंध करने के लिए अनुसूचित या राष्ट्रियकृत बैंकों में खातों का प्रचालन करेगा ; (झ) समय-समय पर प्रादेशिक केन्द्र की आवश्यकताओं के अनुसार और चौथी अनुसूची में यथा उपबंधित प्रादेशिक केन्द्र के कर्मचारियों की सेवा का विनियमन करने के लिए विभिन्न अनुमोदित पदों के कृत्यशील पदनामों का उपबंध करेगा, अनुमोदन करेगा या उनमें परिवर्तन करेगा ; और (ञ) ऐसी रीति में कार्य करेगा, जो अधिनियम के उपबंधों के अनुसरण में प्रादेशिक केन्द्र के ध्ययों और उद्देश्यों को हासिल करने के लिए आवश्यक हो ।
3.	बोर्ड के अध्यक्ष की शक्तियां और कृत्य	बोर्ड का अध्यक्ष— (क) बोर्ड की बैठकों की अध्यक्षता करेगा ; (ख) प्रादेशिक केन्द्र के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेगा ; (ग) प्रादेशिक केन्द्र द्वारा प्रदान की डिग्री और डिप्लोमाओं पर हस्ताक्षर करेगा ;

		(घ) तत्कालिक्ता की दशा में बोर्ड की शक्तियों का प्रयोग करेगा और ऐसी शक्तियों के उपयोग में की गई कार्रवाई पर बोर्ड की अगली बैठक में अनुमोदन के लिए बोर्ड को सूचित करेगा ; और (ङ) बोर्ड की ऐसी अन्य शक्ति का, जो बोर्ड द्वारा उसे सौंपी जाएं इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन रहते हुए उपयोग करेगा ।
4.	कार्यक्रम सलाहकार समिति की पदावधि	अधिनियम की धारा 17 के उपबंधों के अधीन रहते हुए कार्यक्रम सलाहकार समिति प्रादेशिक केन्द्र का प्रधान शैक्षिक (जिसके अंतर्गत वैज्ञानिक और अनुसंधान सम्मिलित है) सलाहकार निकाय होगा और यह उतने सदस्यों से मिलकर बनेगा, जो धारा 17 की उपधारा (2) में यथा विनिर्दिष्ट है और सदस्यों की पदावधि उस तारीख से, जिसको वह अपना पद धारण करते हैं, पांच वर्ष होगी : परंतु— (क) उसका अध्यक्ष जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रख्यात व्यक्ति होगा और वह प्रादेशिक केन्द्र के कोर क्षेत्रों से सुसंगत अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त होगा ; (ख) बोर्ड अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (2) के खंड (ङ) के अधीन कार्यक्रम सलाहकार समिति के नामनिर्दिष्ट सदस्यों को नियुक्त करेगा; (ग) जब कार्यक्रम सलाहकार समिति का कोई सदस्य किसी पद या नियुक्ति, जिसे वह धारण करता है, के कारण सदस्य बन जाता है तो ऐसी सदस्यता उसके द्वारा ऐसा पद या नियुक्ति के धारण करने को समाप्त करने पर समाप्त हो जाएगी ; (घ) कार्यक्रम सलाहकार समिति के अन्य सभी सदस्य उस तारीख से, जिसको वह अपना पद धारण करते हैं, पांच वर्ष के अवसान के पश्चात् अपनी सदस्यता को त्याग देगें किंतु वह पुनर्नियुक्ति के पात्र होंगे ; (ङ) यदि कार्यक्रम सलाहकार समिति के किसी सदस्य की पांच वर्ष की अवधि के दौरान कोई रिक्ति उदभूत होती है तो उक्त रिक्ति के लिए नामनिर्दिष्ट या चयन किया गया व्यक्ति केवल उस पांच वर्ष की समाप्त न हुई अवधि के लिए पद धारण करेगा ; (च) कार्यक्रम सलाहकार समिति का कोई सदस्य निम्नलिखित में से किसी घटना के होने पर सदस्य नहीं रहेगा, अर्थात् :— (i) यदि कार्यक्रम सलाहकार समिति की तीन लगातार बैठकों में पूर्व सूचना और समुचित कारण या औचित्य के बिना भाग नहीं लेता है ; (ii) यदि वह पद त्याग देता है, मृत्यु हो जाती है, विकृतचित हो जाता है, दिवालिया हो जाता है या ऐसे किसी अपराध का सिद्धदोष है, जिसमें नैतिक अधमता अंतर्वलित है ; (छ) कार्यक्रम सलाहकार समिति की सदस्यता से त्यागपत्र कार्यक्रम सलाहकार समिति के अध्यक्ष को दिया जाएगा और वह तब तक प्रभावी नहीं होगा जब तक बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा स्वीकार न कर लिया जाए ;

		(ज) कार्यक्रम सलाहकार समिति वर्ष में एक बैठक करेगी और कार्यक्रम सलाहकार समिति के पांच सदस्य गणपूर्ति होंगे ; (झ) सदस्यों को बोर्ड द्वारा समय-समय पर यथा विनिश्चित बैठक फीस या मानदेय संदत्त किया जाएगा और उन्हें कार्यक्रम सलाहकार समिति की बैठकों में भाग लेने के लिए यात्रा व्यय और अन्य लॉजिस्टिक व्ययों का प्रतिदाय किया जाएगा ।
5.	कार्यक्रम सलाहकार समिति की शक्तियां और कृत्य	अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (4) में विनिर्दिष्ट उत्तरदायित्वों के अतिरिक्त कार्यक्रम सलाहकार समिति के निम्नलिखित कृत्य होंगे, अर्थात् :— (क) उद्देश्यों को पूरा करने में प्रादेशिक केन्द्र द्वारा की गई प्रगति का मूल्यांकन और बोर्ड को उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करना ; (ख) प्रादेशिक केन्द्र में शैक्षिक, वैज्ञानिक और तकनीकी पदों के सृजन, वर्गीकरण और उत्सादन के संबंध में तथा उनके कर्तव्यों और परिलब्धियों के संबंध में बोर्ड को सिफारिशें करना ; (ग) भारत में और बाहर अन्य शैक्षिक संस्थाओं के साथ संपर्क बढाने के लिए बोर्ड को सलाह देना ; और (घ) बोर्ड या कार्यपालक निदेशक द्वारा उसे निर्दिष्ट वैज्ञानिक और तकनीकी मुद्दों से संबंधित विषयों पर विचार करना और रिपोर्ट देना।
6.	अध्यादेशों और विनियमों की शर्तें	अधिनियम की धारा 42 के अधीन कार्यक्रम सलाहकार समिति द्वारा बनाए गए अध्यादेशों और अधिनियम की धारा 43 के अधीन प्रादेशिक केन्द्र के प्राधिकारियों द्वारा बनाए गए विनियमों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी कोई शिथिलीकरण या अधित्यजन— (i) कार्यक्रम सलाहकार समिति द्वारा ऐसे अधिनियमों की दशा में ; या (ii) बोर्ड के पूर्वानुमोदन के बिना प्रादेशिक केन्द्र के प्राधिकारियों द्वारा ऐसे विनियमों की दशा में, नहीं दिया जाएगा ।
7.	कार्यपालक समिति	अधिनियम की धारा 18 की उपधारा (1) में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए एक कार्यपालक समिति होगी और,— (क) कार्यपालक समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगे, अर्थात् :— (i) कार्यपालक निदेशक, पदेन अध्यक्ष ; (ii) प्रादेशिक केन्द्र के संकायाध्यक्ष ; (iii) जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार का अपर सचिव या संयुक्त सचिव (प्रशासन) ; (iv) प्रादेशिक केन्द्र के साथ व्यौहार करने वाले भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग का नोडल अधिकारी ; (v) संयुक्त सचिव, मानव संसाधन विकास मंत्रालय (यूएनईएस प्रभाग का भारसाधक) भारत सरकार या उसका नामनिर्देशिती (निदेशक के रैंक से अन्यून) ; (vi) संयुक्त सचिव, विदेश मंत्रालय (यूएनईएस प्रभाग का भारसाधक) भारत सरकार या उसका नामनिर्देशिती (निदेशक के रैंक से अन्यून) ;

		(vii) निदेशक, यूनेस्को, नई दिल्ली प्रादेशिक कार्यालय ; और (viii) प्रशासन नियंत्रक, प्रादेशिक केन्द्र, सदस्य-सचिव । (ख) प्रादेशिक केन्द्र का कुलसचिव और वित्त अधिकारी कार्यपालक समिति में स्थायी आमंत्रिती होंगे ; (ग) कार्यपालक समिति साधारणतया वर्ष में दो बैठकें करेगी ; (घ) कार्यपालक समिति की बैठक में पांच सदस्यों की उपस्थिति गणपूर्ति होगी ।
8.	कार्यपालक समिति की शक्तियां और कृत्य	(1) कार्यपालक समिति प्रादेशिक केन्द्र के प्रबंधन और बोर्ड की नीतियों तथा विनिश्चयों के कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी होगी ; (2) कार्यपालक समिति की निम्नलिखित शक्तियां और कृत्य होंगे, अर्थात् :— (क) प्रादेशिक केन्द्र के दिन-प्रतिदिन के प्रशासनिक कृत्यों के संबंध में आंतरिक प्रक्रियाओं पर कार्यपालक निदेशक का मार्गदर्शन और उसे सलाह देना ; (ख) कार्यपालक निदेशक को प्रादेशिक केन्द्र की जनशक्ति आवश्यकताओं और भर्ती तथा सेवा नियमों के संबंध में मार्गदर्शन और उसे सलाह देना ; (ग) प्रादेशिक केन्द्र में पदों के सृजन, वर्गीकरण और उत्सादन के संबंध में तथा उनके कर्तव्यों और परिलब्धियों के संबंध में बोर्ड को सिफारिशें करना ; (घ) प्रादेशिक केन्द्र में एक करोड़ रुपए से अधिक की लागत से उसकी संपदा में संनिर्माण या परिवर्तन या अनुरक्षण संकर्म को करने के लिए भवन और संकर्म समिति का गठन करना; (ङ) कार्यपालक निदेशक को प्रादेशिक केन्द्र की सभी जंगम और स्थावर आस्तियों के उपापन, अनुरक्षण और उपयोग की प्रक्रियाओं पर कार्यपालक निदेशक को सलाह देना ; (च) बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट सीमाओं के भीतर वसूल न की जा सकने वाली धनीय हानियों और अप्रचलित तथा मरम्मत न की जा सकने वाली भंडार मदों को बट्टे खाते में डालना ; (छ) प्रादेशिक केन्द्र के वित्तीय, वाणिज्यिक और विधिक अनुपालनों की मानीटरी करना ; और (ज) ऐसे अन्य मामलों से व्यौहार करना, जो कार्यपालक समिति को बोर्ड के अध्यक्ष या प्रादेशिक केन्द्र के कार्यपालक निदेशक द्वारा निर्दिष्ट किए जाएं ।
9.	अध्ययन बोर्ड	(1) अध्ययन बोर्ड प्रादेशिक केन्द्र के शैक्षिक मामलों के लिए पर्यवेक्षक निकाय होगा । (2) अध्ययन बोर्ड निम्नलिखित सदस्यों से मिलकर बनेगा, अर्थात् :-- (i) कार्यपालक निदेशक, अध्यक्ष (पदेन) ; (ii) प्रादेशिक केन्द्र के संकायाध्यक्ष और उप संकायाध्यक्ष (पदेन) ;

		(iii) चक्रानुक्रम में प्रादेशिक केन्द्र के तीन संकाय सदस्य ; (iv) मान्यताप्राप्त अनुसंधान और शिक्षण संस्थान या विश्वविद्यालय या जैव प्रौद्योगिकी उद्योग से के तीन विषय विशेषज्ञ ; (v) प्रादेशिक केन्द्र के मान्यताप्राप्त केंद्रों से तीन शैक्षिक समन्वयक ; और (vi) कुलसचिव, प्रादेशिक केन्द्र (सदस्य-सचिव) । (3) कार्यपालक निदेशक प्रादेशिक केन्द्र के विभिन्न क्षेत्रों से संकाय सदस्यों को नामनिर्दिष्ट करेगा ; (4) कार्यपालक निदेशक विभिन्न क्षेत्रों में विषय विशेषज्ञों को नामनिर्दिष्ट करेगा ; (5) मान्यताप्राप्त केन्द्र का प्रत्येक भारसाधक अपने केन्द्र के लिए एक शैक्षिक समन्वयक की सिफारिश करेगा तथा कार्यपालक निदेशक अध्ययन बोर्ड के सदस्य बनने के लिए चक्रानुक्रम में तीन ऐसे शैक्षिक समन्वयकों को नामनिर्दिष्ट करेगा ; (6) पैरा (3), पैरा (4) और पैरा (5) में निर्दिष्ट नामनिर्दिष्ट सदस्यों की पदावधि तीन वर्ष होगी ; (7) अध्ययन बोर्ड साधारणतया वर्ष में ऐसे अवसर जैसा कार्यपालक निदेशक द्वारा निदेश दिया जाए, दो बैठक करेगा ; (8) विशेष बैठक से भिन्न अध्ययन बोर्ड की बैठक के लिए सूचना साधारणतया बैठक के लिए नियत दिन से कम से कम सात दिन पूर्व दी जाएगी । (9) अध्ययन बोर्ड की बैठकों के लिए अध्ययन बोर्ड के सदस्यों का 30 प्रतिशत, जिसमें कम से कम एक बाह्य विशेषज्ञ होगा, गणपूर्ति होगा और यदि गणपूर्ति न हो तो बैठक को दस मिनट के लिए स्थगित कर दिया जाएगा तथा उपस्थित सदस्य बैठक को अग्रसर करने के लिए पुन: इकट्ठे होंगे ; (10) अध्ययन बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा विशेष बैठक स्वयं की पहल या अध्ययन बोर्ड के कम से कम तीस प्रतिशत सदस्यों के लिखित अनुरोध पर बुलाई जा सकेगी और यदि अध्यपेक्षित बैठक में गणपूर्ति न हो तो वह रद्द हो जाएगी ; (11) सदस्यों के अनुरोध पर बुलाई गई विशेष बैठक की दशा में कार्यवृत्त में अधिसूचित मद से भिन्न किसी मद पर चर्चा नहीं की जाएगी और ऐसे सदस्यों की उपस्थिति, जिनके अनुरोध पर विशेष बैठक बुलाई गई थी, अनिवार्य होगी ; (12) यदि कार्यपालक निदेशक की राय में किसी मद पर विचार करने के लिए अध्ययन बोर्ड की बैठक आयोजित करना आवश्यक या समीचीन नहीं है और वह यह मानता है कि मामले का निपटान अध्ययन बोर्ड के सदस्यों के बीच परिचालन द्वारा किया जा सकता है तो वह इस निमित्त आवश्यक अनुदेश जारी कर सकेगा ।
10.	अध्ययन बोर्ड की शक्तियां और कृत्य	अध्ययन बोर्ड प्रादेशिक केन्द्र के शैक्षिक कार्यक्रम की निगरानी करेगा और उसकी निम्नलिखित शक्तियां तथा कृत्य होंगे, अर्थात् :—

		(क) जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों से सुसंगत अध्ययन के कार्यक्रमों का डिजाइन और विकास, जैसा कि अधिनियम की धारा 10 की उपधारा (1) के खंड (क), खंड (ख) और खंड (ग) के अधीन प्रादेशिक केन्द्र के ध्येय और उद्देश्यों में भी सूचीबद्ध है ; (ख) विभिन्न डिग्रियों, डिप्लोमाओं, प्रमाण-पत्रों के लिए और ऐसी डिग्रियों और प्रमाण-पत्रों को अभिप्राप्त करने के लिए पूरी की जाने वाली अपेक्षाओं तथा अध्ययन विषयों का अनुमोदन करना ; (ग) प्रादेशिक केन्द्र के प्राधिकारियों को शैक्षिक अध्यादेशों में विनिर्दिष्ट रीति में,-- (i) अनुदेशों के पाठ्यक्रमों, व्याखयानों की सिफारिश करना, शोध प्रबंध कार्य को प्रस्तुत करना और उसका मूल्यांकन करना तथा अनुसंधान के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति करना ; और (ii) शिक्षण, प्रशिक्षण और अनुसंधान की क्वालिटी और मानकों में सुधार के उपाय करना ; (घ) यह सुनिश्चित करना कि प्रादेशिक केन्द्र के संबंधित संकाय द्वारा प्रस्ताव किए जा रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों की पाठ्यचर्या और अध्ययन सामग्री का आवधिक रूप से पुनर्विलोकन, पुनरीक्षण और अध्यतन सतत रूप से किया जा रहा है ; (ङ) बोर्ड को प्रादेशिक केन्द्र के मान्यताप्राप्त केंद्रों की मान्यता के लिए सिफारिश करना ; (च) प्रादेशिक केन्द्र के मान्यताप्राप्त केंद्रों के शिक्षण संकाय या वैज्ञानिकों को शैक्षिक प्रयोजन के लिए प्रादेशिक केन्द्र के संकाय के रूप में मान्यता प्रदान करना ; (छ) प्रादेशिक केन्द्र के शैक्षिक कृत्यों के संबंध में ऐसे विनियमों का अनुमोदन करना और बनाना, जिसके अंतर्गत विद्यार्थी अनुशासन, आवास, अध्येतावृत्तियों, विद्यार्थी वृत्तियों, छात्रवृत्तियों, पदकों, पुरस्कारों को प्रदान करना, फीस और छूट तथा उपस्थिति है, जो इन परिनियमों और अध्यादेशों से सुसंगत हैं ; (ज) प्रादेशिक केन्द्र की शैक्षिक अनुपालना की मानीटरी करना ; और (झ) ऐसे अन्य कृत्य करना, जो प्रादेशिक केन्द्र के प्राधिकारियों द्वारा समनुदेशित किए जाएं।
11.	वित्त समिति की संरचना	अधिनियम की धारा 19 में निर्दिष्ट वित्त समिति की संरचना, उसके बाह्य विशेषज्ञों सदस्यों के नामनिर्देशन की रीति निम्नलिखित होगी, अर्थात् :-- (क) वित्त समिति निम्नलिखित से मिलकर बनेगी,-- (i) कार्यपालक निदेशक, अध्यक्ष (पदेन) ; (ii) वित्त सलाहकार, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार या उसका नामनिर्देशिती (पदेन) ; (iii) नोडल अधिकारी, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, जो प्रादेशिक केन्द्र से व्यौहार कर रहा है, सदस्य (पदेन) ;

		(iv) कार्यपालक निदेशक, ट्रांसलेशनल हेल्थ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट, सदस्य (पदेन) ; (v) वित्त और लेखांकन में दो बाह्य विशेषज्ञ, सदस्य ; (vi) प्रशासन नियंत्रक, प्रादेशिक केन्द्र सदस्य (पदेन) ; और (vii) वित्त अधिकारी, सदस्य-सचिव (पदेन) ; (ख) खंड (क) के उपखंड (v) में निर्दिष्ट बाह्य विशेषज्ञों को कार्यपालक निदेशक द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाएगा और वह तीन वर्ष की अवधि के लिए पद धारण करेंगे ; (ग) वित्त समिति प्रादेशिक केन्द्र के लेखाओं और वित्तीय प्रबंधन का पुनर्विलोकन करने के लिए साधारणतया वर्ष में दो बैठकें करेगी ; और (घ) वित्त समिति के वैयक्तिक रूप से उपस्थित चार सदस्य गणपूर्ति होंगे।
12.	वित्त समिति की शक्तियां और कृत्य	अधिनियम की धारा 19 में निर्दिष्ट वित्त समिति उस धारा की उपधारा (1) में विनिर्दिष्ट कृत्यों के अतिरिक्त प्रादेशिक केन्द्र के वित्तीय प्रबंधन की निगरानी के लिए उत्तरदायी होगी और उसकी और शक्तियां और कृत्य वे होंगे, जो समय-समय पर बोर्ड द्वारा अवधारित किए जाएं, जिसके अंतर्गत निम्नलिखित हैं, अर्थात् :-- (क) प्रादेशिक केन्द्र के वित्त पर प्रभाव डालने वाले सभी क्षेत्रों में प्रचालन प्रक्रियाओं और आंतरिक नियंत्रण मार्गदर्शक सिद्धांतों का पुनर्विलोकन ; (ख) प्रादेशिक केन्द्र के वार्षिक बजट आकलनों और पुनरीक्षित आकलनों पर विचार करना तथा बोर्ड की कार्यपालक समिति को उसके संबंध में सिफारिशें करना ; (ग) समय-समय पर प्रादेशिक केन्द्र के वित्त का पुनर्विलोकन तथा बोर्ड की कार्यपालक समिति को उसके संबंध में सिफारिशें करना ; (घ) प्रादेशिक केन्द्र के नए शीर्षों के लिए सभी प्रस्तावों पर विचार करना, जिसके अंतर्गत भवन और संकर्म हैं तथा बोर्ड की कार्यपालक समिति को उसके संबंध में सिफारिशें करना ; (ङ) वित्त के नए स्रोतों की सिफारिश करना तथा विद्यमान निधियों के विनिधान की निगरानी करना, जिससे प्रादेशिक केन्द्र के आंतरिक संसाधनों में वृद्धि की जा सके ; (च) बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट सीमाओं के भीतर वसूल न की जा सकने वाली धनीय हानियों और अप्रचलित तथा मरम्मत न की जा सकने वाली भंडार मदों को बट्टे खाते में डालने की कार्यपालक समिति को सलाह देना ; (छ) पुनर्विनियोग कथनों पर विचार करना और बोर्ड की कार्यपालक समिति को उसके संबंध में सिफारिशें करना ; (ज) लेखाओं, आस्ति रजिस्टर तथा उन पर संपरीक्षा रिपोर्ट के वार्षिक विवरणों का पुनर्विलोकन और बोर्ड की कार्यपालक समिति को उसके संबंध में सिफारिशें करना ; (झ) कार्यपालक समिति और बोर्ड को सलाह देना तथा प्रादेशिक केन्द्र के कृत्यों और कार्यकलापों को प्रभावित करने वाले अन्य विषयों पर या

		तो स्वयं की पहल या कार्यपालक निदेशक या कार्यपालक समिति या बोर्ड की पहल पर सिफारिशें करना ; (ञ) बोर्ड को आवश्यक वित्तीय शक्तियों के प्रत्यायोजन की सिफारिश करना ; और (ट) प्रादेशिक केन्द्र के वार्षिक लेखाओं की लेखा परीक्षा के लिए लेखा परीक्षकों की नियुक्ति की सिफारिश करना ।
13.	प्रादेशिक केन्द्र के मुख्य कृत्यकारी	कार्यपालक निदेशक प्रादेशिक केन्द्र को वैज्ञानिक और शैक्षिक नेतृत्व प्रदान करने, प्रादेशिक केन्द्र के प्रशासन और वित्त की निगरानी करने, उसके कारबार का निदेश देने तथा प्रादेशिक केन्द्र से संबंधित किसी अन्य विषय का प्रशासन करने के लिए बोर्ड की ओर से कृत्य करने के लिए मुख्य कार्यपालक अधिकारी होगा ।
14.	कार्यपालक निदेशक की नियुक्ति	कार्यपालक निदेशक की नियुक्ति बोर्ड द्वारा केंद्रीय सरकार की मंत्रिमंडल नियुक्ति समिति के अनुमोदन से निम्नलिखित रीति में की जाएगी, अर्थात् :-- (क) बोर्ड अग्रणी दैनिक समाचार-पत्रों, प्रत्यायित विज्ञान पत्रों और जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, प्रादेशिक केन्द्र और ऐसे अन्य स्थानों, जिन्हें वह समुचित समझे, में खुले विज्ञापन के माध्यम से आवेदन या नामनिर्देशन आमंत्रित करेगा ; (ख) इस पद के लिए सन्नियमों, मानदंड और विनियमों को बोर्ड द्वारा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार की सहमति से अंतिम रूप दिया जाएगा ; (ग) केंद्रीय सरकार द्वारा गठित खोजबीन-सह-चयन समिति प्रादेशिक केन्द्र के कार्यपालक निदेशक के रूप में कृत्य करने के लिए नियुक्ति के लिए जैव प्रौद्योगिकी और संबंधित क्षेत्रों में प्रदर्शित विज्ञान प्रबंधन अनुभव और उच्च नेतृत्व क्वालिटी रखने वाले व्यक्ति की पहचान और सिफारिश करेगी ; (घ) इस प्रकार नियुक्त कार्यपालक निदेशक प्रादेशिक केन्द्र में प्रोफेसर का सारवान पद भी धारण करेगा और वह कार्यपालक निदेशक के रूप में अपनी पदावधि की समाप्ति पर संकाय के लिए अनुज्ञेय अधिवर्षिता की आयु तक इस पद पर बना रहेगा ; (ङ) कार्यपालक निदेशक उस तारीख से, जिसको वह अपना पद धारण करता है, पांच वर्ष की अवधि के लिए या जब तक वह सत्तर वर्ष की आयु प्राप्त नहीं कर लेता है, इनमें से जो भी पूर्वत्तर हो, पद धारण करेगा और वह पदावधि के पूरा होने पर पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र होगा : परंतु उक्त पांच वर्ष की अवधि के अवसान के होते हुए भी वह तब तक अपने पद पर बना रहेगा जब तक उसके उत्तरवर्ती की नियुक्ति नहीं कर दी जाती है और वह अपना पद धारण नहीं कर लेता है ; (च) खंड (ङ) में किसी बात के अंतर्विष्ट होते हुए भी कार्यपालक निदेशक द्वारा अपना पद धारण करने के पश्चात् बोर्ड लिखित आदेश द्वारा अक्षमता, अवचार या कानूनी उपबंधों के उल्लंघन के आधार पर उसे पद से हटा सकेगा : परंतु--

(i) बोर्ड द्वारा ऐसा कोई आदेश सिवाय कार्यपालक निदेशक को उसके विरुद्ध की जाने वाली प्रस्तावित कार्रवाई के विरुद्ध हेतुक उपदर्शित करने का युक्तियुक्त अवसर दिए बिना नहीं किया जाएगा ;

(ii) बोर्ड के पास ऐसा कोई आदेश करने से पूर्व केंद्रीय सरकार की सहमति होगी ;

(iii) बोर्ड ऐसा कोई आदेश करने से पूर्व किसी भी समय कार्यपालक निदेशक को जांच या अन्यथा के लंबन के दौरान निलंबनाधीन रख सकेगा ।

(छ) कार्यपालक निदेशक को केन्द्र में सम्मिलित होने के लिए केंद्रीय सरकार के समतुल्य रैंक के अधिकारी को स्थानांतरण यात्रा भत्ते से संबंधित नियमों के अधीन सीमा तक अनुज्ञेय व्यय का यह मानते हुए कि नियुक्त व्यक्ति की नियुक्ति लोक हित में अंतरण है, संदाय किया जाएगा ;

(ज) अनुच्छेद 13 पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना कार्यपालक निदेशक प्रादेशिक केन्द्र का पूर्णकालिक वेतन प्राप्त करने वाला अधिकारी होगा और कार्यपालक निदेशक का वेतन समय-समय पर केंद्रीय सरकार द्वारा यथा अधिसूचित 'राष्ट्रीय महत्ता की संस्था' के निदेशक के समतुल्य होगा और कार्यपालक निदेशक को प्रादेशिक केन्द्र के अन्य संकाय सदस्य को लागू भत्तों का समय-समय पर केंद्रीय सरकार द्वारा नियत दरों पर संदाय किया जाएगा । वह शासकीय कार, भाटक मुक्त सुसज्जित आवास का उसकी संपूर्ण पदावधि के दौरान हकदार होगा और कार के उपयोग और आवास के अनुरक्षण के संबंध में कार्यपालक निदेशक द्वारा किसी प्रभार का संदाय नहीं किया जाएगा । वह केंद्रीय विश्वविद्यालय के उप कुलपति को उपलब्ध अन्य भत्तों का भी हकदार होगा ;

(झ) कार्यपालक निदेशक ऐसे सीमांत फायदों और भत्तों का भी हकदार होगा, जो केंद्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर नियत किए जाएं :

परंतु जब प्रादेशिक केन्द्र या किसी अन्य संस्था या विश्वविद्यालय के किसी कर्मचारी को कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाता है तो उसे किसी भविष्य निधि, जिसका वह सदस्य है, में अभिदाय जारी रखने के लिए अनुज्ञात किया जा सकेगा और प्रादेशिक केन्द्र उस दर पर ऐसे व्यक्ति की भविष्य निधि में अभिदाय करेगा, जिस पर वह उसके कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्ति से ठीक पूर्व अभिदाय कर रहा था :

परंतु यह और कि जहां ऐसा कर्मचारी किसी पेंशन स्कीम का सदस्य था तो प्रादेशिक केन्द्र ऐसी स्कीम में आवश्यक अभिदाय करेगा ;

(ञ) कार्यपालक निदेशक विभिन्न प्रकार की छुट्टी का हकदार होगा, जिसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार के नियमों के अनुसार छुट्टी यात्रा रियायत उसकी समतुल्य प्रास्थिति के अधिकारियों को लागू है ;

(ट) यदि कार्यपालक निदेशक का पद मृत्यु, त्याग पत्र या अन्यथा रिक्त हो जाता है या वह खराब स्वास्थ्य या किसी अन्य कारण से अपने कर्तव्यों का निष्पादन करने में असमर्थ है तो प्रादेशिक केन्द्र का ज्येष्ठतम संकायाध्यक्ष कार्यपालक निदेशक के कर्तव्यों का निर्वहन करेगा :

		परंतु यदि संकायाध्यक्ष उपलब्ध नहीं है तो प्रादेशिक केन्द्र का ज्येष्ठतम प्रोफेसर तब तक कार्यपालक निदेशक के कर्तव्यों का निर्वहन करेगा जब तक कि, यथास्थिति, नया कार्यपालक निदेशक अपना पद ग्रहण नहीं कर लेता है या विद्यमान कार्यपालक निदेशक अपने पद के कर्तव्यों को पुन: ग्रहण नहीं कर लेता है ।
15.	कार्यपालक निदेशक की शक्तियां और कृत्य	अधिनियम की धारा 23 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों और कृत्यों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना कार्यपालक निदेशक की शक्तियां और कृत्य निम्नलिखित होंगे, अर्थात् :-- (क) कार्यपालक निदेशक प्रादेशिक केन्द्र का उसके बोर्ड के निमित्त कारबार को संचालित करने और कार्य करने के लिए मुख्य कार्यपालक अधिकारी होगा ; (ख) कार्यपालक निदेशक प्रादेशिक केन्द्र का उसके अनुसंधान और शैक्षिक कार्यक्रमों की निगरानी करने के लिए प्रधान वैज्ञानिक और शैक्षिक प्राधिकारी होगा ; (ग) कार्यपालक निदेशक का यह कर्तव्य होगा कि वह यह देखें कि अधिनियम के अधीन बनाए गए प्रादेशिक केन्द्र के परिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों के उपबंधों का अनुपालन सम्यकत: किया जा रहा है या नहीं और उसके पास ऐसी अनुपालना का सुनिश्चय करने के लिए सभी आवश्यक शक्तियां होंगी ; (घ) कार्यपालक निदेशक अधिनियम की धारा 21 के अधीन गठित कार्यपालक समिति, अध्ययन बोर्ड और अधिनियम की धारा 19 की उपधारा (2) के अधीन गठित वित्त समिति का पदेन अध्यक्ष होगा ; (ङ) कार्यपालक निदेशक बोर्ड का संयोजक होगा और बोर्ड के अध्यक्ष की अनुपस्थिति में वह डिग्रियां अनुदत्त करने के लिए आयोजित दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेगा ; (च) कार्यपालक निदेशक प्रादेशिक केन्द्र के किसी प्राधिकरण की किसी बैठक या अन्य निकायों में उपस्थित होने या उन्हें संबोधित करने का हकदार होगा, किंतु वह वहां पर तब तक मत देने का अधिकारी नहीं होगा जब तक कि वह ऐसे प्राधिकरण या निकाय का सदस्य न हो ; (छ) कार्यपालक निदेशक को प्रादेशिक केन्द्र के वित्त का व्यय मंजूर करने की आबंटित व्यय के अनुसार और प्रादेशिक केन्द्र की आवश्यकताओं के अनुसार समग्र बजट में स्वीकृत शीर्षों में निधियों का उपयोजन करने की शक्ति होगी ; (ज) इस अधिनियम और इन परिनियमों के उपबंधों के अधीन रहते हुए कार्यपालक निदेशक को विभिन्न शैक्षिक, वैज्ञानिक, तकनीकी, वृत्तिक और प्रशासनिक पदों पर चौथी अनुसूची में उपबंधित सम्यक् प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए नियुक्तियां करने की और अनुशासनिक प्राधिकारी के रूप में कृत्य करने की शक्तियां होंगी ; (झ) कार्यपालक निदेशक को अधिनियम की धारा 19 की उपधारा (2) के अधीन गठित कार्यपालक समिति, कार्यक्रम सलाहकार समिति, अध्ययन बोर्ड और वित्त समिति की बैठकें बुलाने या बुलाया जाना कारित करने की शक्तियां होंगी ;

		(ञ) कार्यपालक निदेशक प्रादेशिक केन्द्र के समुचित कृत्यकरण के लिए अधिनियम की धारा 22 में विनिर्दिष्ट से भिन्न अधिकारियों को उसके द्वारा अधिरोपित की जा सकने वाली सीमाओं या शर्तों के अनुसार अपनी शक्तियों को प्रत्यायोजित करेगा ; (ट) कार्यपालक निदेशक किन्हीं अन्य शक्तियों का, जो बोर्ड द्वारा प्रादेशिक केन्द्र के समुचित कृत्यकरण के लिए संकल्प द्वारा उसे प्रत्यायोजित की गई हैं का, प्रयोग करेगा ।
16.	संकायाध्यक्ष और उप संकायाध्यक्ष	(1) अधिनियम की धारा 22 के क्रमश: खंड (ii) और खंड (iii) में निर्दिष्ट संकायाध्यक्ष और उप संकायाध्यक्ष की नियुक्ति बोर्ड द्वारा अधिनियम की धारा 35 की उपधारा (1) के खंड (क) के अनुसार की जाएगी । (2) पैरा 1 के अधीन नियुक्त उप संकायाध्यक्ष का कृत्यशील पद सहयुक्त संकायाध्यक्ष होगा । (3) ऐसे संकायाध्यक्ष या सहयुक्त संकायाध्यक्ष की पदावधि पांच वर्ष होगी : परंतु— (i) संकायाध्यक्ष या सहयुक्त संकायाध्यक्ष, जिसकी पदावधि समाप्त हो गई है, पुनर्नियुक्ति का हकदार होगा ; (ii) इस प्रकार नियुक्त संकायाध्यक्ष या सहयुक्त संकायाध्यक्ष प्रादेशिक केन्द्र में प्रोफेसर का सारवान पद भी धारण करेगा और वह उस पद पर संकायाध्यक्ष या सहयुक्त संकायाध्यक्ष के रूप में उसकी पदावधि की समाप्ति पर संकाय को अनुज्ञेय अधिवर्षिता की आयु तक रहेगा ; (iii) संकायाध्यक्ष या सहयुक्त संकायाध्यक्ष की सेवा के निबंधन और शर्तें वे होंगी, जो चौथी अनुसूची में विनिर्दिष्ट हैं ।
17.	संकायाध्यक्ष या सहयुक्त संकायाध्यक्ष की शक्तियां और कर्तव्य	अनुच्छेद 16 में निर्दिष्ट संकायाध्यक्ष या सहयुक्त संकायाध्यक्ष कार्यपालक निदेशक की ऐसे मामलों में सहायता करेंगे, जो इस निमित्त कार्यपालक निदेशक द्वारा समय-समय पर अवधारित किया जाए और वह ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेंगे और ऐसे कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे, जो कार्यपालक निदेशक द्वारा उन्हें समनुदेशित किए जाएं ।
18.	सहयुक्त निदेशक (प्रशासन)	(1) सहयुक्त निदेशक (प्रशासन) की नियुक्ति कार्यपालक निदेशक द्वारा इस प्रयोजन के लिए गठित चयन समिति की सिफारिश पर की जाएगी और वह प्रादेशिक केन्द्र का पूर्णकालिक वैतनिक अधिकारी होगा ; (2) इस पद का कृत्यशील नाम प्रशासन नियंत्रक होगा ; (3) प्रशासन नियंत्रक की सेवा के निबंधन और शर्तें वे होंगी, जो चौथी अनुसूची में विनिर्दिष्ट है : परंतु प्रशासन नियंत्रक प्रादेशिक केन्द्र के गैर-शैक्षिक कर्मचारिवृंद को यथा अनुज्ञेय अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर सेवानिवृत्त हो जाएगा ; (4) जब प्रशासन नियंत्रक का पद रिक्त होता है और जब वह रुग्णता, अनुपस्थिति अथवा किसी अन्य कारण से अपने पद के कर्तव्यों का निर्वहन करने में असमर्थ होता है तो उसका अनुपालन ऐसे व्यक्ति

India Code

		द्वारा किया जाएगा, जिसे इस प्रयोजन के लिए कार्यपालक निदेशक नियुक्त करे ।
19.	प्रशासन नियंत्रक के कर्तव्य	प्रादेशिक केन्द्र में प्रशासन नियंत्रक का यह कर्तव्य होगा कि वह— (क) प्रादेशिक केन्द्र के संबंध में सभी प्रशासनिक मामलों में कार्यपालक निदेशक की सहायता करे ; (ख) कार्यपालक समिति के पदेन सचिव के रूप में कार्य करे और कार्यपालक समिति की बैठकों को आयोजित करने के लिए सूचनाएं जारी करे और प्रादेशिक केन्द्र की सभी कानूनी समितियों के शासकीय पत्राचार और कार्यवृत्त को रखे ; (ग) समग्र प्रशासनिक कार्यकलापों की निगरानी करे, जिसके अंतर्गत प्रादेशिक केन्द्र की स्थापना, वित्त, भंडार और क्रय, इंजीनियरी, संपदा और अनुरक्षण है ; (घ) कार्यपालक निदेशक को सतत सुधार के लिए प्रादेशिक केन्द्र की मानीटरी और प्रशासन के मूल्यांकन से संबंधित विषयों की रिपोर्ट करे ; (ङ) राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र के भीतर जैव प्रौद्योगिकी विज्ञान कलेस्टर भागीदारों और वित्तपोषण करने वाले निकायों के बीच प्रचालनों और सेवाओं के अनुरक्षण के लिए आरंभिक संबंध का अनुरक्षण करे ; (च) वह प्रादेशिक केन्द्र के अभिलेखों, सामान्य मुहर और ऐसी अन्य संपत्ति का अभिरक्षक होगा, जो कार्यपालक समिति उसके प्रभार में सौपेगी ; (छ) प्रादेशिक केन्द्र का प्रादेशिक केन्द्र द्वारा या उसके विरुद्ध वादों या कार्यवाहियों में प्रतिनिधित्व करे, मुख्तारनामे पर हस्ताक्षर करे और अभिवचनों का सत्यापन करे या इस प्रयोजन के लिए प्रतिनिधि को तैनात करे ; और (ज) ऐसे अन्य कर्तव्यों का निष्पादन करेगा, जो अधिनियमों या विनियमों द्वारा विनिर्दिष्ट किए जाएं या समय-समय पर कार्यपालक निदेशक द्वारा प्रादेशिक केन्द्र के प्रयोजनों के लिए उसे सौंपे जाएं ।
20.	कुलसचिव	(1) अधिनियम की धारा 22 के खंड (v) में निर्दिष्ट कुलसचिव की नियुक्ति कार्यपालक निदेशक द्वारा उस प्रयोजन के लिए गठित चयन समिति द्वारा की जाएगी और वह प्रादेशिक केन्द्र का पूर्णकालिक वैतनिक अधिकारी होगा ; (2) कुलसचिव की सेवा के निबंधन और शर्तें, वे होंगी, जो चौथी अनुसूची में विनिर्दिष्ट हैं : परंतु कुलसचिव प्रादेशिक केन्द्र के गैर शैक्षिक कर्मचारिवृंद को यथा अनुज्ञेय अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर सेवानिवृत्त हो जाएगा ; (3) जब कुलसचिव का पद रिक्त हो या कुलसचिव रुग्णता, अनुपस्थिति या किसी अन्य कारण से अपने कर्तव्यों का निष्पादन करने में असमर्थ है तो उनका निष्पादन ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाएगा, जो इस प्रयोजन के लिए कार्यपालक निदेशक समनुदेशित करे ।

21.	कुलसचिव के कर्तव्य	(1) अनुच्छेद 20 के पैरा (1) के अधीन नियुक्त कुलसचिव अध्ययन बोर्ड का पदेन सदस्य-सचिव होगा । (2) कुलसचिव प्रादेशिक केन्द्र के शैक्षिक अभिलेखों और ऐसी अन्य संपत्ति का अभिरक्षक होगा, जो कार्यपालक निदेशक उसके प्रभार में सौंपे । (3) कुलसचिव अध्ययन बोर्ड और शैक्षिक विषयों के लिए प्रादेशिक केन्द्र की सभी समितियों, जैसा कि कार्यपालक निदेशक द्वारा नियुक्त की जाएं, की बैठक बुलाने के लिए सभी सूचनाएं जारी करेगा । (4) कुलसचिव अध्ययन बोर्ड और कार्यपालक निदेशक द्वारा शैक्षिक विषयों के लिए नियुक्त किन्हीं समितियों की बैठकों के सभी अभिलेखों का अनुरक्षण करेगा । (5) कुलसचिव प्रादेशिक केन्द्र का प्रादेशिक केन्द्र द्वारा या उसके विरुद्ध शैक्षिक कृत्यों से संबंधित सभी वादों या कार्यवाहियों में प्रतिनिधित्व करेगा । (6) कुलसचिव विद्यार्थी कार्यकलापों की, जिसके अंतर्गत प्रादेशिक केन्द्र में दाखिला, परीक्षाएं, अध्येता वृत्तियां, फीस, स्नातक, यात्रा, आवास और शिकायत प्रतितोष सम्मिलित है, किंतु उस तक ही सीमित नहीं है, निगरानी करेगा । (7) कुलसचिव प्रादेशिक केन्द्र में पश्च-डॉक्टरल अध्येता और युवा अन्वेषणकर्ताओं के शैक्षिक कार्यकलापों के प्रशासन की निगरानी करेगा । (8) कुलसचिव ऐसे अन्य कर्तव्यों का निर्वहन करेगा, जो अध्यादेशों द्वारा या विनियमों द्वारा विनिर्दिष्ट किए जाएं या समय-समय पर कार्यपालक निदेशक द्वारा अपेक्षित किए जाएं ।
22.	वित्त अधिकारी	(1) अधिनियम की धारा 22 के खंड (vi) में निर्दिष्ट वित्त अधिकारी की नियुक्ति कार्यपालक निदेशक द्वारा उस प्रयोजन के लिए गठित चयन समिति द्वारा की जाएगी और वह प्रादेशिक केन्द्र का पूर्णकालिक वैतनिक अधिकारी होगा ; (2) वित्त अधिकारी की सेवा के निबंधन और शर्तें, वे होंगी, जो चौथी अनुसूची में विनिर्दिष्ट हैं : परंतु वित्त अधिकारी प्रादेशिक केन्द्र के गैर शैक्षिक कर्मचारिवृंद को यथा अनुज्ञेय अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर सेवानिवृत्त हो जाएगा ; (3) जब वित्त अधिकारी का पद रिक्त हो या वित्त अधिकारी रुग्णता, अनुपस्थिति या किसी अन्य कारण से अपने कर्तव्यों का निष्पादन करने में असमर्थ है तो उनका निष्पादन ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाएगा, जो इस प्रयोजन के लिए कार्यपालक निदेशक समनुदेशित करे ।
23.	वित्त अधिकारी के कर्तव्य	(1) अनुच्छेद 22 के पैरा (1) के अधीन नियुक्त वित्त अधिकारी वित्त समिति का सदस्य-सचिव होगा । (2) वित्त अधिकारी प्रादेशिक केन्द्र की निधियों के ऊपर साधारण अधीक्षण का उपयोग करेगा और प्रादेशिक केन्द्र के वित्तीय औचित्यों पर सलाह देगा ।

		(3) वित्त अधिकारी प्रादेशिक केन्द्र की वित्तीय संपत्ति और विनिधानों, जिसके अंतर्गत न्यास और पोत संपत्ति है, का प्रतिधारण और प्रबंधन करेगा । (4) वित्त अधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि किसी वर्ष के लिए आवर्ती और अनावर्ती व्यय के लिए कार्यपालक समिति द्वारा नियत सीमाओं का उल्लंघन न किया जाए और समस्त धन, उस प्रयोजन के लिए, जिसके लिए उन्हें अनुदत्त या आबंटित किया गया है, पर विस्तारित किया जाए । (5) वित्त अधिकारी प्रादेशिक केन्द्र के वार्षिक लेखाओं और बजट को तैयार करने के लिए अधिनियम की धारा 19 की उपधारा (1) में निर्दिष्ट वित्त समिति को प्रस्तुत करने के लिए उत्तरदायी होगा । (6) वित्त अधिकारी नकद और बैंक शेष पर तथा राजस्व के संग्रहण की प्रगति पर लगातार निगरानी रखेगा और संग्रहण या राजस्व की प्रगति पर निगरानी रखेगा तथा प्रादेशिक केन्द्र में नियोजित संग्रहण की विधियों पर सलाह देगा । (7) वित्त अधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि भवनों, भूमि, फर्नीचर और उपस्कर के रजिस्टरों को अद्यतन रखा जाए और प्रादेशिक केन्द्र के सभी कार्यालयों, विभागों, केंद्रों और विशेषीकृत प्रयोगशालाओं की आस्तियों का वार्षिक स्टॉक सत्यापन संचालित किया जाए । (8) वित्त अधिकारी ऐसे अन्य वित्तीय और प्रशासनिक कृत्यों का निष्पादन करेगा, जो कार्यपालक निदेशक द्वारा उसे सौंपे जाएं ।

तीसरी अनुसूची

(परिनियम 5 देखें)

प्रादेशिक केन्द्र के शैक्षिक कार्यकलाप

(शैक्षिक कार्यकलापों का संचालन)

अनुच्छेद सं.	अनुच्छेद शीर्ष	अनुच्छेद का विवरण
(1)	(2)	(3)
1.	शैक्षिक और अनुसंधान कार्यक्रम	(1) प्रादेशिक केन्द्र का मुख्य कृत्य विश्व स्तरीय शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करना तथा बहु-विषयों के इंटरफेस पर नूतन अनुसंधान का संचालन करना, जिससे जैव प्रौद्योगिकी के विषयी और अंत:विषयी क्षेत्रों में उच्च क्वालिटी के मानव संसाधनों का सृजन किया जा सके । (2) अनुसंधान आधारित शिक्षण प्रादेशिक केन्द्र के शैक्षिक कार्यक्रमों का हॉलमार्क होगा, जहां विभिन्न डिग्री कार्यक्रमों के लिए अभ्यावेशित विद्यार्थी, जो प्रादेशिक केन्द्र और उसके मान्यताप्राप्त केंद्रों की अनुसंधान प्रयोगशालाओं में अपने प्रशिक्षण संघटकों में कार्य करेंगे तथा उनके पास प्रादेशिक केन्द्र का भ्रमण करने वाले अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ इंट्रेक्ट करने का अवसर होगा । (3) प्रादेशिक केन्द्र का अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान कार्यक्रम, कार्यक्रम सलाहकार समिति द्वारा मार्गदर्शित होगा और यह संस्थानों के बीच सहयोग द्वारा अंतर-विषयिता हासिल करना उसका लक्ष्य होगा ।

(4) प्रादेशिक केन्द्र सामाजिक फायदे के लिए और इनका विद्यार्थियों को उनके शैक्षिक प्रशिक्षण का एक भाग बनने के लिए अवसर प्रदान करने के लिए वृहत्त अनुसंधान कार्यक्रम का निर्माण करने के लिए प्रयास करेगा ।

(5) प्रादेशिक केन्द्र जैव प्रौद्योगिकी के बहु-विषयी क्षेत्रों में स्नातकोत्तर डिग्री और डिप्लोमा का प्रस्ताव करेगा किंतु वह जैव प्रौद्योगिकी के वृहत्त क्षेत्रों के निम्नलिखित कार्यक्रमों तक ही सीमित नहीं होगा, अर्थात् :--

(i) डॉक्टर ऑफ फिलोस्फी (पीएचडी) ;

(ii) विज्ञान निष्णात और डॉक्टर ऑफ फिलोस्फी (एकीकृत) (एमएससी-पीएचडी) ;

(iii) विज्ञान निष्णात (एमएससी) ;

(iv) प्रौद्योगिकी निष्णात (एमटेक) ; और

(v) जैव प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडी) ।

(6) प्रादेशिक केन्द्र या किसी मान्यताप्राप्त केन्द्र में नए शैक्षिक कार्यक्रम को लाने के प्रत्येक प्रस्ताव की जांच अध्ययन बोर्ड द्वारा की जाएगी और वांछनीयता, साध्यता और अधिनियम में वर्णित वृहत्त उद्देश्यों के साथ अनुपालन की दृष्टि से यदि स्वीकार्य पाया जाता है तो उसका अनुमोदन किया जाएगा ।

(7) प्रत्येक शैक्षिक कार्यक्रम के पाठ्यक्रम या उसमें किसी परिवर्तन के लिए शिक्षा बोर्ड का अनुमोदन अपेक्षित होगा ।

(8) प्रादेशिक केन्द्र और उसके द्वारा मान्यताप्राप्त केन्द्र संकायाध्यक्ष (शैक्षणिक) के साथ बातचीत और संपर्क के लिए शैक्षणिक समन्वयक नियुक्त करेगा और प्रादेशिक केन्द्र का कुलसचिव, केवल एक व्यष्टि जो प्रोफेसर द्वारा प्रादेशिक केन्द्र के रुप में मान्यता प्राप्त है, को शैक्षणिक समन्वयक के रुप में नामनिर्दिष्ट कर सकेगा ।

(9) यदि प्रादेशिक केन्द्र द्वारा मान्यताप्राप्त केन्द्र किसी प्रोफेसर स्तर के संकाय को उसके शैक्षणिक समन्वयक के रुप में नियुक्त करने में असमर्थ रहता है, एक सह-प्रोफेसर, ऐसी असमर्थता के कारणों को उल्लिखित करते हुए अध्ययन बोर्ड के अध्यक्ष के अनुमोदन से शैक्षणिक समन्वयक नियुक्त किया जा सकेगा ।

(10) प्रादेशिक केन्द्र द्वारा मान्यताप्राप्त केन्द्र द्वारा नामांकित छात्र किसी अन्य ऐसे मान्यताप्राप्त केन्द्र या किसी अन्य संस्थान अथवा विश्वविद्यालय जिसके साथ प्रादेशिक केन्द्र ने शैक्षणिक सहयोग का करार किया है में पाठ्यक्रम या उसके किसी भाग में उपस्थित हो सकेगा या अनुसंधान अथवा उसके किसी भाग को कर सकेगा और छात्र किसी अन्य केन्द्र या संस्थान अथवा विश्वविद्यालय जिसके साथ प्रादेशिक केन्द्र ने सहयोग का करार किया है से सह-गाइड ले सकेगा ।

(11) मूल से भिन्न केन्द्र में छात्र द्वारा अर्जित पाठयक्रम क्रैडिट केवल तभी दिए जाएंगे यदि छात्र प्रादेशिक केन्द्र के शैक्षणिक समन्वय के पूर्व अनुमोदन से सैमिस्टर प्रारंभ होने से पहले पूर्ण पाठ्यक्रम के लिए

		रजिस्ट्रीकृत किया गया है और उसकी सूचना प्रादेशिक केन्द्र के कुलसचिव को दी गई है । (12) प्रादेशिक केन्द्र द्वारा मान्यताप्राप्त केन्द्र में विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए छात्रों का चयन मान्यताप्राप्त केन्द्र द्वारा निश्चित चयन प्रक्रिया के अनुसार और अध्ययन बोर्ड के अनुमोदन द्वारा किया जाएगा ।
2	दीक्षांत समारोह	1. अर्हित छात्रों को डिग्री और डिप्लोमा प्रदान करने के प्रयोजन के लिए दीक्षांत समारोह ऐसी तारीख या तारीखों पर जो बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा विनिश्चित की जा सकेगी प्रादेशिक केन्द्र के फरीदाबाद परिसर में साधारणतया वर्ष में एक बार आयोजित किया जाएगा । 2. डिग्रियां प्रदान करने या मानद प्रयोजनों के लिए विशेष दीक्षांत समारोह ऐसी तारीखों और ऐसे समय पर जो बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा नियत की जा सकेगी, आयोजित किया जा सकेगा । 3. बोर्ड इस बात के लिए स्वतंत्र होगा कि वह दीक्षांत समारोह आयोजित किए बिना डिग्रियां प्रदान करने का विनिश्चय कर सके । 4. बोर्ड का अध्यक्ष सभी दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेगा और डिग्रियां या डिप्लोमा प्रदान करेगा और अध्यक्ष की अनुपस्थिति में दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता कार्यपालक निदेशक करेगा । 5. ऐसे छात्र जिन्होंने उस वर्ष की परीक्षा, जिसमें दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाता है, पास की है, वह दीक्षांत समारोह में प्रवेश लेने के पात्र होंगे : परंतु किसी विशिष्ट वर्ष में, किसी कारण से, दीक्षांत समारोह आयोजित नहीं किए जाने की दशा में, कार्यपालक निदेशक, उसकी अनुपस्थिति में उस वर्ष सफल छात्रों को संबंधित डिग्री या डिप्लोमा जैसा भी मामला हो, में प्रवेश को प्राधिकृत करने और डिग्री या डिप्लोमा जारी करने के लिए सक्षम होगा । 6. ऐसे छात्र जो दीक्षांत समारोह में स्वयं उपस्थित होने में असमर्थ हैं तो उनके निवेदन पर उनकी अनुपस्थिति में डिग्री या डिप्लोमा स्वीकार किए जा सकेंगे और उनके डिग्री या डिप्लोमा प्रादेशिक केन्द्र के कुलसचिव द्वारा जारी किए जा सकेंगे । 7. बोर्ड का अध्यक्ष और कार्यपालक निदेशक डिग्री और डिप्लोमा प्रमाणपत्रों पर हस्ताक्षर करेगा । 8. कार्यपालक निदेशक जब कभी आवश्यक समझे वार्षिक दीक्षांत समारोह से पूर्व डिग्री या डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए सभी अपेक्षाएं पूर्ण करने वाले अभ्यर्थी को अनंतिम डिग्री या डिप्लोमा जारी कर सकेगा ।
3.	मान्यताप्राप्त केन्द्र	1. अधिनियम की धारा 10 उपधारा (1) खंड (च) के अनुसरण में अध्ययन बोर्ड, भारत के भीतर उच्चतर अध्ययन संस्था से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करेगा और उनके पाठ्यक्रमों और कार्यक्रमों जो उसकी वांछनीयता, व्यवहार्यता और अनुरुपता की दृष्टि से प्रादेशिक केन्द्र के उद्देश्यों और कृत्यों के कार्यक्षेत्र के अधीन आते हैं, को मान्यता प्रदान करने के लिए बोर्ड को सिफारिश करेगा और यही भारत के बाहर संस्थाओं और अनुसंधान केंद्रों पर अभिभावी होगा ।

		2. बोर्ड द्वारा पैरा 1 में यथानिर्दिष्ट मान्यताप्राप्त और अनुमोदित संस्था जैव तकनीकी के लिए प्रादेशिक केन्द्र के "मान्यताप्राप्त केन्द्र" के रुप में नामित की जाएगी । 3. पैरा 2 में निर्दिष्ट मान्यताप्राप्त केन्द्र का संकाय, केन्द्र में अधिष्ठायी पद धारण किए बिना प्रादेशिक केन्द्र द्वारा समुचित शैक्षणिक शीर्षक प्रदान किए जाने का पात्र होगा । 4. अध्ययन बोर्ड, पैरा 1 के अधीन संस्थाओं को मान्यता प्रदान करने की प्रक्रिया और अधिनियम के अधीन बनाए गए अध्यादेश के उपबंधों के अनुसरण में शैक्षणिक प्रायोजन के लिए प्रादेशिक केन्द्र द्वारा उसके संकाय, विनिश्चित करेगा । 5. बोर्ड का अनुमोदन प्राप्त करने के अनुसरण में संस्थाएं जो पैरा 2 के अधीन प्रादेशिक केन्द्र द्वारा मान्यताप्राप्त करने की वांछा रखती है वह एक लिखित करार करेगा, जो सहयोग के अधीन समाविष्ट उद्देश्य आवश्यकता और विशिष्ट क्रियाकलापों को विनिर्दिष्ट करेगा और गारंटी प्रदान करेगा कि वह अधिनियम, परिनियम, अध्यादेश, विनियम के उपबंधों और मान्यताप्राप्त शैक्षणिक कार्यक्रम के संबंध में प्रादेशिक केन्द्र के आदेश, निदेश और अनुदेशों का अनुसरण करेगा । 6. इसके अधीन बनाए गए मान्यताप्राप्त केन्द्र, अध्ययन बोर्ड के द्वारा यथाअनुमोदित शैक्षणिक कार्यक्रमों का संचालन करेंगे और प्रादेशिक केन्द्र उन अभ्यर्थियों जो अध्यादेश में यथाउपबंधित शैक्षणिक अपेक्षाओं को पूरा करते हैं, प्रमाणपत्र, डिप्लोमा या डिग्री प्रदान करेगा । 7. पैरा 2 के अधीन मान्यताप्राप्त केन्द्र, प्रादेशिक केन्द्र को अध्ययन बोर्ड और समय समय पर यथाविनिश्चित वार्षिक मान्यता फीस का संदाय करेगा । 8. पैरा 2 के अधीन मान्यता द्वारा संस्थान को प्रदत्त विशेषाधिकार भागत: या पूर्णत: प्रत्याहृत किए जा सकेंगे या उपांतरित किए जा सकेंगे यदि संस्थान अधिनियम, परिनियम, अध्यादेश, उसके अधीन बनाए गए विनियम के उपबंधों या शैक्षणिक कार्यक्रम के संबंध में प्रादेशिक केन्द्र के आदेश, निदेश या अनुदेश का अनुपालन करने में असफल रहता है या मान्यता की किसी शर्त का पालन करने में असफल रहता है अथवा उसका आचरण प्रादेशिक केन्द्र के हितों या उसके मानकों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है ।
4	अनुसंधान और शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए सहयोग और परामर्श	1. अनुसंधान को बहुविषयी बनाने के लिए प्रादेशिक केन्द्र, वैश्विक संस्थाओं के व्यष्टि वैज्ञानिकों के मध्य सहयोग को बढ़ावा देगा । 2. सभी सहयोग, प्रादेशिक केन्द्र के दृष्टिकोण, मिशन और उद्देश्य का सहयोगकों जो अनुसंधान को अतिरिक्त मूल्य प्रदान कर सकते हैं को विविध विशेषज्ञता की ₹ाक्ति प्रदान करते हुए समर्थन करेगा । 3. वृहत कार्यक्रम पर ऐसे सहयोग, रुचि बनाने की क्षमता जिसके अंतर्गत छात्रों और साझा अनुसंधान जिसके अंतर्गत छात्रों और युवा अनुसंधानकर्ता के प्रशिक्षण और शिक्षा भी है, के साथ संस्थागत स्तर पर किए जा सकेंगे तथा ऐसी संस्थाएं भारत या विदेश में अवस्थित हो सकेंगी । 4. सहयोग, समझौता पत्र या करार के माध्यम से परिभाषित किए जा सकेंगे और बोर्ड द्वारा अनुमोदित किए जा सकेंगे । 5. प्रादेशिक केन्द्र भी उसके शैक्षणिक और अनुसंधान उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए भारत या उसके बाहर किसी उद्योग या ऐसे अन्य संगठनों के साथ

		सहयोग कर सकेंगे । 6. पैरा 5 में निर्दिष्ट सहयोग, समझौता पत्र या करार के माध्यम से परिभाषित किए जा सकेंगे और बोर्ड द्वारा अनुमोदित किए जाएंगे । 7. सभी प्रचलित नैतिक सिद्धांत, सन्नियम और मार्गदर्शक सिद्धांत ऐसे सभी सहयोग क्रियाकलापों में अनुसरित किए जाएंगे । 8. उपरोक्त सहयोग के माध्यम से अनुसंधान के लिए अपेक्षित निधि, सहयोग के भागीदारों द्वारा संयुक्त रुप से उपलब्ध कराई जाएगी । 9. ऐसे भागीदार, अपने बौद्धिक सहयोग के अनुपात में सहयोग अनुसंधान द्वारा धारित किसी पेटेंट या सृजित कोई भौतिक संपदा को संयुक्त रुप से धारण करेंगे । 10. प्रादेशिक केन्द्र, भारत में या विदेश में किसी अन्य भागीदार संस्था के सहयोग के साथ या उसके बिना विशिष्ट अनुसंधान प्रयोगशाला या केन्द्र की स्थापना कर सकेगा । 11. बोर्ड, कार्यक्रम सलाहकार समिति की सिफारिश के आधार पर प्रस्ताव का अनुमोदन कर सकेगा । 12. प्रादेशिक केन्द्र के शैक्षणिक कर्मचारीवृंद बोर्ड द्वारा अनुमोदित सन्नियमों का अनुसरण करते हुए उनकी विशेषज्ञता के क्षेत्र से संबंधित अनुसंधान या शैक्षणिक परामर्श कर सकेंगे ।
5	अध्येतावृत्ति, छात्रवृति पुरस्कार	1. प्रादेशिक केन्द्र के डाक्टरल छात्र, साधारणतया वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद या भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद या जैव तकनीकी विभाग या विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विभाग या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अथवा किसी अन्य स्रोत जिसके लिए वह अर्हित हुए हैं और पात्र घोषित हुए हैं, से अध्येतावृत्ति प्राप्त करेंगे । 2. प्रादेशिक केन्द्र, पैरा 1 में निर्दिष्ट छात्र के मामले को उन्हें अध्येतावृत्ति प्राप्त करने के लिए समर्थ बनाने हेतु अध्येतावृत्ति प्रदान करने वाले अभिकरणों को प्रायोजित या अग्रेषित करेगा । 3. प्रादेशिक केन्द्र, ऐसे मार्गदर्शक सिद्धांतों जो अध्यन बोर्ड द्वारा अधिकथित किए जाएं, जिन्हें बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जाएगा, के अनुसरण में विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों को करने के लिए भारत या विदेश के छात्रों को छात्रवृत्ति या अध्येतावृत्ति या सहायता भी प्रदान कर सकेगा । 4. छात्रों के शैक्षणिक उत्कर्ष, रचनात्मक नेतृत्व और संपूर्ण उन्नति और संपूर्ण अभिवृद्धि करने तथा विकास को प्रोन्नत करने तथा मान्यता प्रदान करने के लिए अध्ययन बोर्ड, बोर्ड के अनुमोदन के पश्चात् प्रादेशिक केन्द्र द्वारा या विन्यास अथवा दाताओं के अनुदान के माध्यम से द्वारा स्थापित पुरस्कार और मेडल प्रदान कर सकेगा । 5. छात्र सरकार, पब्लिक सैक्टर संगठनों, निजी और वाणिज्यिक संगठनों तथा प्रादेशिक केन्द्र के संकाय सदस्यों द्वारा निदेशित अनुसंधान स्कीम से भी वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकेंगे ।
6.	वार्षिक रिपोर्ट	1. वार्षिक रिपोर्ट प्रादेशिक केन्द्र की शैक्षणिक , शैक्षिक, प्रशिक्षण और अनुसंधान क्रियाकलापों को निदर्शित करते हुए तैयार की जाएगी । 2. ऐसी वार्षिक रिपोर्ट, कार्यपालक निदेशक के पर्यवेक्षण और निर्देशन के अधीन, मामले और उसके उद्देश्यों को पूरा करने के लिए प्रादेशिक केन्द्र द्वारा उठाए गए कदमों को समाविष्ट करते हुए तैयार की जाएगी ।

		3. वार्षिक रिपोर्ट, केंद्रीय सरकार को प्रस्तुत करने से पहले बोर्ड द्वारा अनुमोदित की जाएगी ।
